प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- ग्रामीण विकास मंत्रालय के नक्शा प्रोजेक्ट की आज से शुरूआत– राजस्थान के दस शहर प्रोजेक्ट में शामिल।
- उदयपुर में चल रहे ''वाटर विजन–2047'' सम्मेलन को आज केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल संबोधित करेंगे।
- विधानसभा के बजट सत्र का दूसर चरण कल से–पहले दिन राज्य का वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया जायेगा।
- नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश।

000000

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग की ओर से राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में आज से **नक्शा प्रोजेक्ट** शुरू हो रहा है। 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में इसकी शुरूआत होगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश से इस राष्ट्रीय परियोजना की उद्घाटन करेंगे। डिजिटल इंडिया आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत ये पहल की गई है। राजस्थान सरकार ने इसके लिए दस शहरों को चुना है। भिवाड़ी, किशनगढ़, ब्यावर,सवाईमाधोपुर, जैसलमेर, पुष्कर, बगरू, बहरोड़, नवलगढ़ और नाथद्वारा में नगरपालिका भूमि क्षेत्र की ड्रोन सर्वेक्षण के जरिए डिजिटल मैपिंग होगी। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इससे भूमि संबंधी सूचनाओं को साझा करना और पारदर्शी बनाना आसान होगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में सम्पत्तियों का सटीक सीमांकन हो सकेगा।

00000

उदयपुर में राज्यों के जल मंत्रियों का अखिल भारतीय सम्मेलन ''वाटर विजन–2047'' आयोजित यिका जा रहा है। इस सम्मेलन में जल प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की जा रही है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल आज सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इसमें शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय जल मिशन और जलशक्ति मंत्रालय की ओर से हो रहे इस सम्मेलन में जल प्रशासन को मजबूत करने, जल भंडारण और आपूर्ति को बढाने, पीने के पानी और सिंचाई के लिए जल वितरण सेवा बेहतर बनाने पर विचार किया जा रहा है।

-----

इससे पहले कल शाम उदयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में जल संसाधनों के विकास, जल संरक्षण और प्रबंधन तथा नई जल परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कल ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक कर पंजाब सीमा क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर के कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर दौरे पर रहेंगे। वे फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इन्डस्ट्रीज़–फोर्टी की ओर से आयोजित होने वाले सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। **राष्ट्र निर्माण में उद्यमियों की भूमिका** विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में फोर्टी के पदाधिकारी और उद्यमी भाग लेंगे।

00000

परीक्षा पे चर्चा 2025 का नया संस्करण आज जारी किया जाएगा। इस संस्करण में, स्कूली छात्रों में परीक्षा के तनाव, चिंता को दूर करने और दबाव में शांत रहने के बारे में विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर के विचार और सुझाव साझा किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' के इस संस्करण में, परीक्षा योद्धा अपने अनुभव साझा करेंगे और बताएंगे कि कैसे उन्होंने परीक्षा के तनाव और चिंता को सफलतापूर्वक दूर किया है।

00000

राज्य विधानसभा के बजट सत्र का दूसर चरण कल से शुरू होगा। कल ही राज्य का वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया जायेगा। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई। बजट से पहले सदन में गतिरोध समाप्त करने के लिए ये बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उन्होंने सभी नेताओं से सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से चलाने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखने का दायित्व सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों का है। मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार से कथित फोन टैपिंग मामले पर सदन में जवाब देने की मांग की। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से कहा कि विपक्ष को सदन चलाने में सहयोग का रवैया अपनाना चाहिए।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा– आरएएस–2024 के पदों में बढोतरी की है। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा में अब पद बढाकर 1 हजार 96 कर दिये गये है। पहले ये परीक्षा 733 पदों के लिए हो रही थी। इसके लिए आयोग की ओर से शुद्धि पत्र जारी किया गया है, जिसे आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उधर आगामी 27 और 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान

अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट–2024 के सफल आयोजन के लिए कल जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नकल तथा पेपर लीक को रोकने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने को कहा।

00000

प्रयागराज महाकुंभ की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजस्थान रोडवेज की ओर से सुपर लग्जरी, डीलक्स, ए.सी. स्लीपर, नॉन ए.सी. स्लीपर और ब्लू लाइन बसें चलाई जा रही है। ये बसें जयपुर, शाहपुरा, कोटपुतली, बारां, अजमेर, मत्सयनगर, सीकर, हिण्डौन, करोली, धौलपुर, डीडवाना, अलवर, भरतपुर और लोहागढ़ आगार से संचालित की जा रही हैं। गौरतलब है कि इस महीने में अब तक इन सेवाओं से 4 लाख 76 हजार किलोमीटर यात्रा की गई, जिससे लगभग 239 लाख रुपये का राजस्व अर्जित हुआ है। इन बसों के जरिये 31 हजार 600 श्रद्धालुओं को महाकुंभ की यात्रा कराई गई है।

00000

प्रदेश में नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। कहीं–कहीं बादल छाये हुए है और कुछ जगहों पर बरसात हो रही है। अजमेर में कुछ इलाकों में आज सुबह बूंदाबांदी हुई। करौली में हवाओं के साथ रिमझिम बरसात हुई। भरतपुर में बादल छाये हुए है और सर्द हवाएं चल रही है। राजधानी जयपुर में कई स्थानों पर कल देर रात से शुरू हुआ हल्की बारिश का सिलसिला रूक–रूक कर सुबह तक जारी रहा। अभी भी बादल छाये हुए है।

.....

मौसम विभाग ने आज जयपुर, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, नागौर, दौसा, सवाईमाधोपुर, टोंक, अजमेर, अलवर और करौली में हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं कल और परसो बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, नागौर, सीकर, झुंझुनूं और अलवर जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हो सकती है।

00000